# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/4532
दिनांक :– 04-12-2025

**तत्काल/अति आवश्यक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/सचिव,
समस्त सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषय :–वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र 2025–2026 में दशमोतर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के द्वारा लॉक किये गये मास्टर डाटा प्रेषित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव के पत्रांक संख्या :119/2025/1400/26–3–2025–1513982 दिनांक 18.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के द्वारा Scholorship Portal पर सूचनायें उपलब्ध कराने हेतु विश्वविद्यालय पत्रांक पी0ए0/4268 दिनांक 08.10.2025 द्वारा आदेशित किया गया था। विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि 430 महाविद्यालयों की सूचना विश्वविद्यालय की तरफ से Scholorship Portal पर लॉक कर दिया गया है जबकि 110 महाविद्यालयों के द्वारा सूचनायें विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गयी है।

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त सूचनाए सत्यापित कराकर प्रत्येक दशा में दिनांक 04.12.2025 को 12.00 बजे तक प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं यह भी सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा लॉक करने की अंतिम तिथि 05.12.2025 नियत है। सूचनायें उपलब्ध न कराये जाने की दशा में छात्रों/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होती है तो महाविद्यालय/संस्थान स्वयं जिम्मेदार होगा।

भवदीय
3/12/25
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
02. सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) को इस आशय से प्रेषित कि प्रत्येक सम्बद्धता पत्र को प्रमाणित करे।
03. छात्रकल्याण अधिष्ठाता, छात्रवृत्ति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।

कुलसचिव